26th May 2022

**To,**
**Listing Compliances**
BSE Ltd,
P. J. Towers,
Fort,
Mumbai - 400 001.

**Scrip Code : 542866**
**Scrip Id : JSGLEASING**

Dear Sir/ Madam,

**Subject:** **Submission of Newspaper Clipping - Audited Financial Results as on 31st March 2022.**

Pursuant to regulation 33 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we hereby inform you that the Board of Directors at their meeting held on 23rd May 2022 have inter-alia considered and approved the Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March 2022.

In continuation to the same, the newspaper clipping duly published on 25th May 2022 in English Newspaper (All Edition) and Hindi Newspaper (Delhi Edition) is enclosed herewith.

This is for your information and records.

Thanking you,

**JSG Leasing Limited**

JSG LEASING LIMITED

Deepika Undhad

**Deepika Undhad**
**Company Secretary & Compliance Officer**
**Membership No.: A41244**

**Encl: As above**

## JSG Leasing Limited

**Reg. Off.:** 125, 2nd Floor, Shahpur Jat, New Delhi - 110 049.
**CIN: L65993DL1989PLC038194;**
**Email:** jsgleasinglimited@gmail.com; **Website:** www.jsgleasinglimited.club

**Extracts of the statement of Audited Financial Results for the quarter and year ended on 31st March, 2022.**

(Amount in 'Lakhs' except EPS)

| Particulars | Standalone | | |
|---|---|---|---|
| | Quarter ended 31.03.2022 (Audited) | Year ended 31.03.2022 (Audited) | Quarter ended 31.03.2021 (Audited) |
| Total income from operations | 22.142 | 28.142 | 1.770 |
| Net Profit/(Loss) for the period (before tax and exceptional items) | 17.623 | 18.103 | (2.660) |
| Net Profit/(Loss)for the period before tax (after exceptional items) | 17.623 | 18.103 | (2.660) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax | 13.701 | 14.181 | (2.660) |
| Paid-up Equity Share Capital (Share of Rs. 10/- each) | 300.000 | 300.000 | 300.000 |
| Earning per equity share | | | |
| Basic | 0.457 | 0.473 | (0.089) |
| Diluted | 0.457 | 0.473 | (0.089) |

**Note:**
The above is an extract of the detailed format of Audited Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of Audited Financial Result for the quarter and year ended is available on the website of the Stock Exchange i.e. (www.bseindia.com).
Figures of the previous year have been re-grouped/ re-arranged / re-classified wherever considered necessary.

**By Order of the Board**
**For JSG Leasing Limited**
**Sd/-**
**Motibhai Jaksibhai Rabari**
**Director - DIN:08573080**

**Place: Mumbai**
**Date: 23/05/2022**

## SUNDARAM FINANCE HOLDINGS

### STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31.03.2022

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended | | | Year Ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | 31.03.2022 (Audited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) | 31.03.2022 (Audited ) | 31.03.2021 (Audited) | 31.03.2022 (Audited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.03.2021 (Audited) | 31.03.2022 (Audited) | 31.03.2021 (Audited) |
| Total income from operations | 3637.58 | 427.91 | 1422.70 | 7812.24 | 3768.46 | 3651.13 | 1455.21 | 1842.75 | 8390.44 | 5941.09 |
| Net Profit / (loss) before Tax | 3164.68 | 56.94 | 989.42 | 5043.49 | 1764.95 | 1570.93 | 278.60 | 670.80 | 2186.27 | 1422.77 |
| Net Profit / (loss) after Tax | 3163.26 | (94.71) | 744.49 | 4691.08 | 1454.79 | 7620.35 | 3363.11 | 3682.34 | 16069.82 | 7387.88 |
| Total comprehensive income / (loss) for the period [comprising profits / (loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after tax)] | 5975.07 | 5503.93 | 27136.61 | 36162.04 | 19212.71 | 10356.17 | 9134.42 | 30610.50 | 48284.30 | 24407.76 |
| Equity Share Capital | 11105.19 | 11105.19 | 7555.19 | 11105.19 | 7555.19 | 11105.19 | 11105.19 | 7555.19 | 11105.19 | 7555.19 |
| Reserves (Excluding Revaluation Reserves) | | | | 199506.55 | 134957.83 | | | | 289100.12 | 211947.77 |
| Earnings Per Share (Basic & Diluted) (Face Value of ₹5/- each) (not annualised for the quarterly periods) | 1.52 | (0.05) | 0.49 | 2.25 | 0.96 | 3.66 | 1.61 | 2.44 | 7.72 | 4.89 |

The above results do not include any extraordinary item.

Notes:

1. The above is an extract of the detailed format of Quarter and Full Year Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarter and Full Year Financial Results is available on the National Stock Exchange website (URL:www.nseindia.com) and on the Company's website (www.sundaramholdings.in).
2. During the quarter ended June 30, 2021, the Company has allotted of 7,10,00,000 Equity Shares, at an issue price of ₹50 per Equity Share, including a premium of ₹45 per Equity Share to the eligible applicants in the Rights Issue. The said shares rank pari-passu in all respects including dividend entitlement.Pursuant to this,the paid up share capital of the Company stands increased from ₹7555.19 lakhs to ₹11105.19 lakhs.
3. The Board of Directors has recommended a final dividend of ₹1/- per share (20%). In addition, the Board of Directors has recommended a Special Dividend of ₹0.75 per share (15%), which, together with the Special Dividend of ₹1/- per share (20%) paid on 25th February 2022 will make a total Special Dividend of ₹1.75 per share (35%).
4. During the quarter ended March 31, 2022, the Company sold 22,73,085 shares held in TVS Investments Private Limited. The realised gain of ₹ 30.09 cr has been transferred from OCI Reserve to Retained Earnings-P&L.
5. The above results were approved by the Board of Directors at its meeting held on May 24,2022.

By Order of the Board
T. T. Srinivasaraghavan
Chairman

Chennai
24.05.2022

**SUNDARAM FINANCE HOLDINGS LIMITED**
CIN: L65100TN1993PLC025996
Regd. Office : 21, Patullos Road, Chennai – 600 002. Tel: 91 44 28521181 Fax: 91 44 28586641
E-Mail: investorservices@sundaramholdings.in Website : www.sundaramholdings.in

## RAHEJA QBE

### RAHEJA QBE GENERAL INSURANCE COMPANY LIMITED

IRDAI Registration Number 141, dated 11th December, 2008
CIN No. U66030MH2007PLC173129

## AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR YEAR ENDED MARCH 31, 2022

**FORM NL-1-B-RA AUDITED REVENUE ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED ON 31ST MARCH 2022 (Amount in Rs. Lakhs)**

| SL. NO. | Particulars | Fire | | Marine | | Misc. | | Total | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | For the year ended 31.03.2022 | For the year ended 31.03.2021 | For the year ended 31.03.2022 | For the year ended 31.03.2021 | For the year ended 31.03.2022 | For the year ended 31.03.2021 | For the year ended 31.03.2022 | For the year ended 31.03.2021 |
| 1 | Premiums earned (Net) | 275 | 305 | 1 | 21 | 29,428 | 17,964 | 29,704 | 18,290 |
| 2 | Profit/ Loss on sale/redemption of Investments | 0 | 1 | 0 | 0 | 32 | 205 | 32 | 206 |
| 3 | "Interest, Dividend & Rent – Gross " | 43 | 26 | 0 | 0 | 3,526 | 2,534 | 3,569 | 2,561 |
| 4 | Other | | | | | | | | |
| (a) | **Other Income (to be specified)** (i) Foreign Exchange Gain / (Loss) | - | - | - | - | (1) | (0) | (1) | (0) |
| (b) | **Contribution from the Shareholders' Account** | | | | | | | | |
| | (i) Towards Excess Expenses of Management | 368 | 287 | 0 | 5 | 5,585 | 3,944 | 5,953 | 4,236 |
| | (ii) Others | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | **TOTAL (A)** | **686** | **619** | **2** | **27** | **38,570** | **24,648** | **39,259** | **25,294** |
| 6 | Claims Incurred (Net) | 255 | 97 | (3) | 5 | 23,870 | 15,807 | 24,122 | 15,909 |
| 7 | Commission | (11) | 46 | (0) | 3 | 4,482 | 3,297 | 4,470 | 3,346 |
| 8 | Operating Expenses related to Insurance Business | 874 | 735 | 1 | 9 | 14,260 | 10,431 | 15,135 | 11,175 |
| 9 | Premium Deficiency | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | **TOTAL (B)** | **1,118** | **878** | **(3)** | **17** | **42,612** | **29,535** | **43,727** | **30,430** |
| 10 | Operating Profit / (Loss) C= (A - B) | (431) | (259) | 5 | 10 | (4,042) | (4,887) | (4,468) | (5,136) |
| 11 | **APPROPRIATIONS** | | | | | | | | |
| | Transfer to Shareholders' Account | (431) | (259) | 5 | 10 | (4,042) | (4,887) | (4,468) | (5,136) |
| | Transfer to Catastrophe Reserve | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | Transfer to Other Reserves | - | - | - | - | - | - | - | - |
| | **TOTAL (C)** | **(431)** | **(259)** | **5** | **10** | **(4,042)** | **(4,887)** | **(4,468)** | **(5,136)** |

**FORM NL-3-B-BS AUDITED BALANCE SHEET AS AT 31ST MARCH 2022 (Amount in Rs. Lakhs)**

| Particulars | Schedule Ref. Form No. | As at 31.03.2022 | As at 31.03.2021 |
|---|---|---|---|
| **SOURCES OF FUNDS** | | | |
| Share Capital | NL-8 | 29,604 | 26,473 |
| Share Application Money Pending Allotment | | | |
| Reserves And Surplus | NL-10 | 14,609 | 9,237 |
| Fair Value Change Account - Shareholders | | 0 | 4 |
| Fair Value Change Account - Policyholders | | 1 | 8 |
| Borrowings | NL-11 | - | - |
| **TOTAL** | | **44,215** | **35,722** |
| **APPLICATION OF FUNDS** | | | |
| Investments - Shareholders | NL-12 | 20,222 | 22,407 |
| Investments - Policyholders | NL-12A | 61,239 | 47,076 |
| Loans | NL-13 | - | - |
| Fixed Assets | NL-14 | 832 | 714 |
| Deferred Tax Asset | | 639 | 628 |
| **CURRENT ASSETS** | | | |
| Cash and Bank Balances | NL-15 | 949 | 423 |
| Advances and Other Assets | NL-16 | 4,898 | 5,822 |
| **Sub-Total (A)** | | **5,847** | **6,245** |
| Deferred Tax Liability | | - | - |
| Current Liabilities | NL-17 | 48,072 | 38,596 |
| Provision | NL-18 | 20,363 | 16,985 |
| **Sub-Total (B)** | | **68,435** | **55,580** |
| **NET CURRENT ASSETS (C) = (A - B)** | | **(62,588)** | **(49,335)** |
| Miscellaneous Expenditure (To the extent not written off or adjusted) | NL-19 | - | - |
| Debit balance in Profit and Loss Account | | 23,871 | 14,232 |
| **TOTAL** | | **44,215** | **35,722** |

**Note:** 1) Analytical ratios are computed in accordance with and as per definition given in public disclosure circular IRDAI/F&A/CIR/MISC/256/09/2021 dated September 30,2021. 2) The above financial results for year ended March 31, 2022 have been audited by the Joint Statutory Auditors of the Company and were approved by the Audit Committee & Board of Directors in its meeting held on May 06, 2022. 3) Net worth as on March 31, 2022 is ₹ 20,342 Lakhs (Previous Year: ₹ 21,477 Lakhs) is computed as per definition laid down by IRDAI. 4) Previous year 's figures have been regrouped/re-classified where ever necessary.

For and on behalf of the Board
**Sd/-**
**PANKAJ ARORA**
Managing Director & CEO
Mumbai, 06th MAY 2022

**FORM NL-2-B-PL AUDITED PROFIT AND LOSS ACCOUNT FOR THE YEAR ENDED ON 31ST MARCH 2022 (Amount in Rs. Lakhs)**

| SL. NO. | Particulars | For the year ended 31.03.2022 | For the year ended 31.03.2021 |
|---|---|---|---|
| 1 | OPERATING **PROFIT/(LOSS)** | | |
| | (a) Fire Insurance | (431) | (259) |
| | (b) Marine Insurance | 5 | 10 |
| | (c) Miscellaneous Insurance | (4,042) | (4,887) |
| 2 | **INCOME FROM INVESTMENTS** | | |
| | (a) Interest, Dividend & Rent – Gross | 1,299 | 1,306 |
| | (b) Profit on sale of investments | 11 | 97 |
| | (c) (Loss on sale/ redemption of investments) | - | - |
| | (d) Amortization of Premium / Discount on Investments | (127) | (107) |
| 3 | **OTHER INCOME** | | |
| | (a) Other Income | 25 | 38 |
| | TOTAL (A) | (3,260) | (3,803) |
| 4 | **PROVISIONS (Other than taxation)** | | |
| | (a) For doubtful debts | 7 | - |
| | (b) Others | - | - |
| 5 | **OTHER EXPENSES** | | |
| | (a) Expenses other than those related to Insurance Business | 428 | 393 |
| | (b) Bad debts written off | - | - |
| | (c) Interest on subordinated debt | - | - |
| | (d) Expenses towards CSR activities | - | - |
| | (e) Penalties | - | - |
| | (f) Contribution to Policyholders' A/c | | |
| | (i) Towards Excess Expenses of Management | 5,953 | 4,236 |
| | (ii) Others | - | - |
| | (g) Others | - | - |
| | TOTAL (B) | 6,389 | 4,630 |
| 6 | **Profit/(Loss) Before Tax** | **(9,649)** | **(8,433)** |
| 7 | **Provision for Taxation** | **(10)** | **(52)** |
| 8 | **Profit / (Loss) after tax** | **(9,639)** | **(8,381)** |
| 9 | **APPROPRIATIONS** | | |
| | (a) Interim dividends paid during the year | - | - |
| | (b) Final dividend paid | - | - |
| | (c) Transfer to any Reserves or Other Accounts (to be specified) | - | - |
| | Balance of profit/ (loss) brought forward from last year | (14,232) | (5,851) |
| | **Balance carried forward to Balance Sheet** | **(23,871)** | **(14,232)** |

**Analytical Ratios for Non-Life companies**

| SL. NO. | Particulars | For the year ended 31.03.2022 | For the year ended 31.03.2021 |
|---|---|---|---|
| 1 | Gross Direct Premium Growth Rate | 38.06% | 72.16% |
| 2 | Gross Direct Premium to Net worth Ratio | 1.85 | 1.27 |
| 3 | Growth rate of Net Worth | -5.29% | 44.45% |
| 4 | Net Retention Ratio | 82.94% | 81.52% |
| 5 | Net Commission Ratio | 13.73% | 13.86% |
| 6 | Expense of Management to Gross Direct Premium Ratio | 53.58% | 53.78% |
| 7 | Expense of Management to Net Written Premium Ratio | 60.20% | 60.14% |
| 8 | Net Incurred Claims to Net Earned Premium | 81.21% | 86.98% |
| 9 | Claims paid to claims provisions | 10.74% | 6.11% |
| 10 | Combined Ratio | 141.41% | 147.13% |
| 11 | Investment income ratio | 6.32% | 6.89% |
| 12 | Technical Reserves to net premium ratio | 1.74 | 1.96 |
| 13 | Underwriting balance ratio | -0.47 | -0.66 |
| 14 | Operating Profit Ratio | -15.04% | -28.08% |
| 15 | Liquid Assets to liabilities ratio | 0.17 | 0.44 |
| 16 | Net earning ratio | -29.60% | -34.71% |
| 17 | Return on net worth ratio | -47.38% | -39.00% |
| 18 | Available Solvency Margin Ratio to Required Solvency Margin Ratio | 2.22 | 3.66 |
| 19 | NPA Ratio | | |
| | Gross NPA Ratio | 1.21% | 2.80% |
| | Net NPA Ratio | 0.00% | 0.00% |
| 20 | Debt Equity Ratio | NA | NA |
| 21 | Debt Service Coverage Ratio | NA | NA |
| 22 | Interest Service Coverage Ratio | NA | NA |
| 23 | Earnings per share | -3.50 | -3.57 |
| 24 | Book value per share | 7.39 | 9.15 |

**Registered office - Ground Floor, P&G Plaza, Cardinal Gracious Road, Chakala, Andheri (East), Mumbai – 400099**
**Tel No.: 022 - 41715050 • Toll Free: 1800-102-7723 • Fax: 022 - 41714920 • E-mail: customercare@rahejaqbe.com • Website: www.rahejaqbe.com**

**Your Kind of Insurance**

## एलआइसी का चौथी तिमाही का परिणाम 30 मई को

नई दिल्ली, 24 मई (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के निदेशक मंडल की इस माह के अंत में बैठक होने जा रही है जिसमें कंपनी के बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की जाएगी। शेयर बाजारों को मंगलवार को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल की बैठक 30 मई, 2022 को होगी।

एलआइसी 17 मई को शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुई है। कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल की बैठक में चौथी तिमाही के एकल और एकीकृत वित्तीय नतीजों पर विचार किया जाएगा और उसे मंजूरी दी जाएगी। कंपनी ने कहा कि बैठक में लाभांश भुगतान पर भी विचार किया जा सकता है। एलआइसी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) अपने निर्गम मूल्य से आठ फीसद नीचे सूचीबद्ध हुआ था। नेशनल स्टाक एक्सचेंज पर एलआइसी का शेयर 8.11 फीसद के नुकसान के साथ 872 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ था।

## देश में कच्चे तेल का उत्पादन अप्रैल में एक फीसद घटकर 24.7 लाख टन पर

नई दिल्ली, 24 मई (भाषा)।

देश में अप्रैल में कच्चे तेल का उत्पादन एक फीसद घटकर 24.7 लाख टन रह गया। इसका कारण निजी कंपनियों के तेल क्षेत्रों से उत्पादन में कमी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में अप्रैल महीने में 24.7 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन हुआ। एक साल पहले इसी महीने में यह 25 लाख टन रहा था।

आयल एंड नैचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) ने अप्रैल में 16.5 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। यह कंपनी के निर्धारित लक्ष्य से करीब पांच फीसद अधिक है। साथ ही यह पिछले साल के इसी माह के 16.3 लाख टन के उत्पादन के मुकाबले 0.86 फीसद ज्यादा है। आयल इंडिया लि. ने आलोच्य महीने में 3.6 फीसद अधिक कच्चे तेल का उत्पादन किया। इस दौरान कंपनी ने 2,51,460 टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। दूसरी तरफ निजी क्षेत्र की कंपनियों के तेल क्षेत्रों से उत्पादन इस दौरान 7.5 फीसद घटकर 5,67,570 टन रहा। सरकार आयात पर निर्भरता कम करने के लिए तेल एवं गैस के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 85 फीसद और प्राकृतिक गैस का करीब आधा हिस्सा आयात करता है।

**आयल एंड नैचुरल गैस कारपोरेशन (ओएनजीसी) ने अप्रैल में 16.5 लाख टन कच्चे तेल का उत्पादन किया। एक साल पहले इसी महीने में यह 25 लाख टन रहा था। आंकड़ों के अनुसार, प्राकृतिक गैस का उत्पादन अप्रैल महीने में 6.6 फीसद बढ़कर 2.82 अरब घनमीटर रहा। इसका मुख्य कारण पूर्वी अपतटीय क्षेत्र में उत्पादन का बढ़ना है।**

आंकड़ों के अनुसार, प्राकृतिक गैस का उत्पादन अप्रैल महीने में 6.6 फीसद बढ़कर 2.82 अरब घनमीटर रहा। इसका मुख्य कारण पूर्वी अपतटीय क्षेत्र में उत्पादन का बढ़ना है। इसी क्षेत्र में रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का केजी-डी6 ब्लॉक स्थित है। वहीं ओएनजीसी का प्राकृतिक गैस का उत्पादन एक फीसद घटकर 1.72 अरब घनमीटर रहा। जबकि पूर्वी अपटीय क्षेत्र में उत्पादन 43 फीसद उछलकर 60 करोड़ घनमीटर रहा।

# श्रीलंका ने ईंधन खरीद के लिए भारत से 50 करोड़ डालर का कर्ज मांगा

कोलंबो, 24 मई (भाषा)।

विदेशी मुद्रा संकट के बीच श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ अमेरिकी डालर का कर्ज मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।

श्रीलंका पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने से रोकने के सभी संभव उपाए कर रहे है। देश में विदेशी मुद्रा संकट के चलते आयात के लिए भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में, ईंधन खरीदने के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से ऋण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

उन्होंने कहा कि श्रीलंका को पहले ही तेल खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ डालर और भारतीय स्टेट बैंक से 20 करोड़ डालर मिल चुके हैं। ईंधन संकट के बीच श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 फीसद और डीजल की कीमतों में 38.4 फीसद की बढ़ोतरी की।



**ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ईंधन खरीदने के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से ऋण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।**

पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले आक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपए (1.17 डालर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपए (1.11 डालर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है। भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन आयल कारपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आइओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है। आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 फीसद और डीजल की कीमतों में 38.4 फीसद की बढ़ोतरी की।

श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी की गई। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले आक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपये (1.17 डालर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपये (1.11 डालर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है।

भारत की प्रमुख तेल कंपनी इंडियन आयल कारपोरेशन की श्रीलंकाई सहायक कंपनी लंका आइओसी ने भी ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि की है। एलआइओसी के सीईओ मनोज गुप्ता ने कहा, 'हमने सिलोन पेट्रोलियम कारपोरेशन (सीपीसी) की बराबरी करने के लिए कीमतें बढ़ाई हैं।'

# शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया, आइटी शेयरों में बिकवाली से सूचकांक 236 अंक टूटा

मुंबई, 24 मई (भाषा)।

महंगाई की चिंता के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख और सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और सूचकांक 236 अंक टूटकर बंद हुआ। कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मुद्रा में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सूचकांक मजबूती के साथ खुला लेकिन इस बढ़त को कायम नहीं रख सका और 236 अंक यानी 0.43 फीसद गिरकर 54,052.61 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 89.55 अंक यानी 0.55 फीसद की गिरावट के साथ 16,125.15 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 3.92 फीसद की गिरावट दर्ज हुई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा स्टील, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी घाटे में रहे। वहीं, दूसरी तरफ डा रेड्डीज, एचडीएफसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया और एमएंडएम के शेयरों में लाभ रहा।



**एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे।**

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू मोर्चे पर लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों के शेयर दबाव में रहे। वहीं ईंधन की कीमतों में कटौती और इस्पात पर सीमा शुल्क में वृद्धि के कारण वाहन क्षेत्र का प्रदर्शन इस महीने अच्छा रहा है।' इस दौरान बीएसई स्मालकैप में 1.14 फीसद और मिडकैप में 0.85 फीसद की गिरावट हुई।

एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कास्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए। यूरोपीय बाजार दोपहर के सत्र में नुकसान के साथ कारोबार कर रहे थे, जबकि अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मजबूती के साथ बंद हुए थे।

## यात्रा, पर्यटन विकास सूचकांक में भारत फिसलकर 54वें स्थान पर

दावोस, 24 मई (भाषा)।

भारत वैश्विक यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में फिसलकर 54वें स्थान पर आ गया है। हालांकि, दक्षिण एशियाई देशों में यह अब भी शीर्ष पर है। देश इस सूचकांक में 2019 में 46वें स्थान पर था। वैश्विक सूची में जापान शीर्ष पर है। उसके बाद क्रमशः अमेरिका, स्पेन, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, सिंगापुर और इटली का स्थान है। विश्व आर्थिक मंच (डब्लूईएफ) के दो साल पर जारी होने वाले यात्रा और पर्यटन क्षेत्र पर अध्ययन से यह भी पता चलता है कि यह क्षेत्र महामारी संकट से उबर रहा है। लेकिन पुनरुद्धार अभी असंतुलित है और चुनौतियां बनी हुई हैं। यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक में 117 अर्थव्यवस्थाओं का आकलन किया गया है।

विश्व आर्थिक मंच में विमानन, यात्रा और पर्यटन मामलों के प्रमुख लारेन अपिंक ने कहा, 'कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए लगाई गई पाबंदियों ने अर्थव्यवस्थाओं में यात्रा और पर्यटन के महत्वपूर्ण योगदान को फिर से रेखांकित किया है।' उन्होंने कहा, 'दुनिया अब महामारी से उबर रही है, ऐसे में अर्थव्यवस्थाओं को यात्रा और पर्यटन अनुभवों को कई दशकों तक बेहतर बनाने को लेकर एक मजबूत परिवेश तैयार करने की जरूरत है।' अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और कारोबारी यात्रा अब भी महामारी-पूर्व स्तर से नीचे है।

## रुपया चार पैसे टूटकर 77.59 प्रति डालर पर

मुंबई, 24 मई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख और विदेशी पूंजी की सतत धन निकासी के कारण मंगलवार को विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 77.59 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डालर के मुकाबले 77.56 पर कमजोर खुला और दिन के कारोबार में 77.67 के निचले स्तर से लेकर 77.51 रुपए के उच्चस्तर तक घूमने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ 77.59 प्रति डालर पर बंद हुआ।

सोमवार को रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 15 पैसे की तेजी के साथ 77.55 प्रति डालर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डालर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.07 फीसद घटकर 102 पर आ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 236 अंक की गिरावट के साथ 54,052.61 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.37 फीसद घटकर 113 डालर प्रति बैरल के भाव पर था। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेश संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को शुद्ध रूप से 1,951.17 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।



**छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डालर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.07 फीसद घटकर 102 पर आ गया।**

## वाट्सऐप ग्रुप के संचालक सहित छह गिरफ्तार

नीमच, 24 मई (भाषा)।

मध्य प्रदेश के नीमच जिले में पिछले सप्ताह एक विक्षिप्त बुजुर्ग की पहचान जानने के लिए उसके साथ मारपीट करने और उसकी हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक वाट्सऐप ग्रुप के एडमिन (संचालक) सहित छह लोगों के खिलाफ वीडियो प्रसारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

**बुजुर्ग से पहचान पूछने का मामला।**

पुलिस के मुताबिक, हत्या का आरोपी जब विक्षिप्त बुजुर्ग की पहचान जानने की कोशिश में उसे लगातार थप्पड़ मार रहा था, तब उसने खुद को कथित तौर पर सीबीआइ अधिकारी बताकर एक नाबालिग लड़के को घटना का वीडियो बनाने के लिए मजबूर किया था।

अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने घटना के संबंध में एक वाट्सऐप ग्रुप के एडमिन और पांच अन्य लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है।

## 'गंगा-जमुनी तहजीब विविधता को हृदय से आत्मसात करने की धारणा'

प्रयागराज (उप्र), 24 मई (भाषा)।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में जमानत देते हुए टिप्पणी की कि गंगा जमुनी तहजीब कोई रिवाज नहीं है जिसे बातचीत में इस्तेमाल किया जाए। वास्तव में यह आचरण में उतारा जाने वाला एक आत्मबल है।

अदालत ने कहा कि गंगा जमुनी तहजीब की संस्कृति महज मतभेदों को बर्दाश्त करना नहीं है, बल्कि यह विविधता को आत्मसात करने की चीज है। उत्तर प्रदेश की प्रकृति भारतीय दर्शन की उदारता को सामने लाती है। अदालत ने यह टिप्पणी हापुड़ के नवाब नाम के एक व्यक्ति की जमानत की अर्जी मंजूर करते हुए की। यह व्यक्ति भीड़ में हिंसा भड़काने का आरोपी है और इसके खिलाफ हापुड़ जिले के सिंभावली पुलिस थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 504, 307, 354, 324 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। गत शुक्रवार को रिकार्ड पर गौर करने के बाद अदालत ने पाया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच झगड़े के बाद समर्थकों की भीड़ हिंसक हो गई जिसके बाद यह प्राथमिकी दर्ज की गई। यह घटना चुनाव परिणाम आने के बाद घटित हुई थी।

न्यायमूर्ति अजय भनोट ने कहा, भीड़ के हिंसक होने की घटनाओं से समाज में असंतोष फैलता है और किसी सभ्य राष्ट्र में इसका कोई स्थान नहीं है। कानून अपना काम करेगा। हालांकि, इस मुद्दे का दूसरा पहलू भी है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा, सांप्रदायिक हिंसा से शांति भंग होती है और समाज का ताना बाना टूटता है। राजनीति लोकतंत्र के लिए अपरिहार्य है, लेकिन राजनीति संवाद पर एकाधिकार नहीं कर सकती। अकेले कानून और अदालतें इस समस्या से नहीं निपट सकतीं।

# आंध्र प्रदेश : नए जिले के नाम को लेकर विवाद में आगजनी

अमरावती, 24 मई (भाषा)।

आंध्र प्रदेश के नवगठित जिले कोनासीमा का नाम बदलकर बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिला करने के प्रस्ताव के खिलाफ मंगलवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस की लाठी चार्ज के बाद राज्य के अमलापुरम शहर में आगजनी की घटना हुई।

कई पुलिस वालों के जख्मी होने की बात कही जा रही है क्योंकि लाठी चार्ज के बाद प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया। शहर में पुलिस की एक गाड़ी और एक शिक्षण संस्थान की बस में भी आग लगा दी गई। परिवहन मंत्री पी. विश्वरुपु के कार्यालय पर भी हमला किया गया और वहां रखे फर्नीचर में तोड़फोड़ की गई।

राज्य की गृहमंत्री तानेती वनिता ने आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक पार्टियों और असामाजिक तत्वों ने आगजनी को भड़काया।

उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि घटना में करीब 20 पुलिसकर्मियों को चोट आई हैं। हम मामले की जांच करेंगे और दोषियों को न्याय के कठघरे में लाएंगे। उल्लेखनीय है कि चार अप्रैल को पूर्वी गोदावरी जिले से अलग कर कोनासीमा जिले का गठन किया गया था। पिछले सप्ताह राज्य सरकार ने कोनासीमा जिले का नाम बदलकर बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिला करने की प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर लोगों से आपत्ति आमंत्रित की थी। इस पृष्ठभूमि में कोनासीमा साधना समिति ने नाम बदलने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई और जिले का नाम यथावत कोनासीमा रहने देने की मांग की। समिति ने मंगलवार को जिलाधिकारी हिमांशु शुक्ला को जिले का नाम बदलने के खिलाफ ज्ञापन देने का प्रयास करते हुए प्रदर्शन का आयोजन किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की जिससे प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और अंततः शांत रहने वाले अमलापुरम में आगजनी की घटना हुई।



## प्रेसीजन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड

**CIN: L32104DL1979PLC009590**

**पंजी. कार्यालयः डी-1081, न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी, नई दिल्ली-110025**

**31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए अंकेक्षित (स्टैंडएलॉन) वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाखों में)

| क्रम सं. | विवरण | 31.3.2022 को समाप्त तिमाही अंकेक्षित | 31.3.2021 को समाप्त तिमाही अंकेक्षित | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष अंकेक्षित | 31.03.2021 को समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 997 | 1,016 | 3,875 | 4,234 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (कर, विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) | (48) | (110) | (176) | 55 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (असाधारण मदों के बाद ) | (48) | (110) | (176) | 55 |
| 4 | कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/ (हानि) (विशिष्ट एवं/अथवा असाधारण मदों के बाद ) | (47) | (64) | (168) | 57 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (अवधि हेतु (कर के बाद) लाभ/(हानि) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद से) शामिल) | (45) | (78) | (166) | 42 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी | 1,385 | 1,385 | 1,385 | 1,385 |
| 7 | असाधारण मदों के बाद आय प्रति शेयर (ईपीएस)(रु. 10/- प्रति का )(वार्षिकीकृत नहीं) | | | | |
| | मूलः | 0.34 | (0.46) | 1.22 | 0.41 |
| | तरलः | 0.34 | (0.46) | 1.22 | 0.41 |

**टिप्पणी:**

1) उपरोक्त सेबी (सूचीयन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिये स्टॉक एक्सचैंज में दाखिल 31 मार्च, 2022 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। उक्त तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों का सम्पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचैंज वेबसाईट www.bseindia.com तथा कम्पनी वेबसाइट www.pel-india.in पर उपलब्ध है।

2) विस्तृत वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमिटी द्वारा समीक्षा की गई तथा 24 मई, 2022 को आयोजित कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक में स्वीकृत किये गये।

3) 31 मार्च, 2022 तथा 31 मार्च, 2021 को समाप्त तिमाही के आंकड़े सम्पूर्ण वित्त वर्ष तथा संबंधित वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक तिथि तक वर्ष के प्रकाशित आंकड़ों के संदर्भ में अंकेक्षित आंकड़ों के बीच संतुलक आंकड़े हैं।

4. इन परिणामों को कम्पनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के अंतर्गत निर्दिष्ट कम्पनी (भारतीय लेखा मानक) नियमावली, 2015 (इंड एएस) तथा लागू सीमा तक अन्य मान्यता प्राप्त लेखा सिद्धांतों एवं नीतियों के अनुसार तैयार किया गया है। 1 अप्रैल, 2017 से शुरू कर कम्पनी ने 1 अप्रैल, 2016 की संक्रमण तिथि के साथ प्रथम बार इंड एएस अपनाई है। इस संक्रमण को कम्पनी (लेखा) नीतियों 2014 (भारतीय जीएएपी) के नियमों के साथ पठित अधिनियम की धारा 133 के अन्तर्गत निर्दिष्ट लेखा मानकों से ले जाया गया है।

बोर्ड की ओर से
प्रेसीजन इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के लिये
हस्ता/-
अशोक कुमार कनोडिया
प्रबंध निदेशक
DIN: 00002563

स्थानः नोएडा
तिथिः 24.05.2022



## कार को टक्कर मारने के आरोप में कांग्रेस नेता का बेटा गिरफ्तार

सीहोर, 24 मई (भाषा)।

मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में एक अज्ञात चालक के खिलाफ 'रोड रेज' का मामला दर्ज होने के एक दिन बाद पुलिस ने मंगलवार को कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा के बेटे को इंदौर के एक व्यवसायी की कार को अपनी कार से कई बार टक्कर मारने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। आष्टा पुलिस थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि अरोपी रोहिताप सिंह कराड़ा (32) को गिरफ्तार कर लिया गया है और वह जिस कार को चला रहा था उसे जब्त कर लिया गया है। यादव ने कहा, जांच के बाद हमने भादंवि और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता के बेटे रोहिताप सिंह को गिरफ्तार किया है। अगर शिकायतकर्ता घटना के बारे में अधिक विवरण और सबूत प्रदान करते हैं तो हम नई धाराएं जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इंदौर के व्यवसायी दिनेश आहूजा (40) की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।



## जेएसजी लीजिंग लिमिटेड

पंजी. कार्या.: 125, 2रा तल, शाहपुर जाट, नई दिल्ली-110049

**CIN: L65993DL1989PLC038194;**

ईमेलः jsgleasinglimited@gmail.com, **वेबसाईटः** www.jsgleasinglimited.club

**31 मार्च, 2020 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार**

(ईपीएस छोड़कर राशि लाखों में)

| विवरण | स्टैंडएलॉन समाप्त तिमाही 31.3.2022 (अंकेक्षित) | समाप्त वर्ष 31.3.2022 (अंकेक्षित) | समाप्त तिमाही 31.3.2021 (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|
| परिचालनों से कुल आय | 22.142 | 28.142 | 1.770 |
| अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, एवं असाधारण मदों से पूर्व) | 17.623 | 18.103 | (2.660) |
| कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों के बाद) | 17.623 | 18.103 | (2.660) |
| कर से बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) | 13.701 | 14.181 | (2.660) |
| प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी (रु. 10/- प्रति शेयर) | 300.000 | 300.000 | 300.000 |
| आय प्रति इक्विटी शेयर | | | |
| मूलः | 0.457 | 0.473 | (0.089) |
| तरलः | 0.457 | 0.473 | (0.089) |

**टिप्पणी:**

उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व तथा अन्य उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल की गई अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप का सार है। समाप्त तिमाही एवं वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com) पर उपलब्ध हैं।

जहां भी जरूरी हुआ, पूर्व वर्ष के आँकड़े पुनर्वर्गीकृत/पुनर्प्रसारित/पुनर्व्यवस्थित किये गये हैं।

बोर्ड के आदेश से
जेएसजी लीजिंग लिमिटेड के लिये
हस्ता/-
मोतीभाई जक्शीभाई रबारी
निदेशक- DIN:08573080

स्थानः मुम्बई
तिथिः 23.05.2022



# पुलिस पदक से शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाने पर नेशनल कांफ्रेंस ने जताई नाराजगी

श्रीनगर, 24 मई (भाषा)।

नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक से पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाए जाने को इतिहास मिटाने का कुटिल प्रयास करार दिया और कहा कि वह लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे।

नेशनल कांफ्रेंस प्रदेश प्रवक्ता इमरान नबी डार ने यहां कहा, हम राष्ट्रीय प्रतीकों का पूरा सम्मान करते हैं, हमारे इतिहास, पहचान और प्रतीक को मिटाने का ये प्रयास कुटिलता को दर्शाता है।

डार ने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा और नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे।

**कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा और नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे।**

प्रवक्ता ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग जहां खड़े हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने कई मोर्चों पर संघर्ष किया है। उन्होंने उत्पीड़न, निरंकुशता से लड़ाई लड़ी। कोई भी इस सच्चाई को नहीं बदल सकता। नाम बदलने से भी यह नहीं बदलने वाली।

शेख साहब जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे।

गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर सरकार ने सोमवार को घोषणा की थी कि जम्मू-कश्मीर पुलिस वीरता एवं सराहनीय सेवा पदकों पर से शेर-ए-कश्मीर के नाम से मशहूर नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाकर उसकी जगह राष्ट्रीय प्रतीक उकेरा जाएगा। गृह विभाग की तरफ से इस संबंध में एक आदेश भी जारी किया गया।

इससे पहले सरकार ने पहले शेर-ए-कश्मीर पुलिस पदक का नाम बदलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक कर दिया था।

इस बीच, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अब्दुल्ला की शख्सियत बहुत ऊंची है और पदक से उनके नाम को बदलने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

महबूबा ने यहां संवाददाताओं से कहा, इससे उनकी शख्सियत पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन मुझे ऐसा करने वाले लोगों के मानसिक संतुलन पर संदेह है, क्योंकि वह एक ऐसे व्यक्तित्व हैं जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के इतिहास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

www.readwhere.com